1 Q. भारत में गन्ना के उत्पादन तथा वितरण की विवेचना कीजीए।

1. परिचय — गन्ना भारत का एक प्रमुख नकदी फसल है जिसका जन्मस्थान भारत को ही माना जाता है विश्व में गन्ने उत्पादन की दृष्टि से दूसरा स्थान है यहाँ गन्ना फसलों में देश का केवल 2 प्रतिशत कृषि क्षेत्र लगा है गन्ना का इस्तेमाल चीनी उद्योग में कच्चे माल के रूप में होता है की तरह होता है जिसका उपयोग गुड़, खाण्डसारी, शराब तथा कागज उद्योग में किया जाता है



2. गन्ना फसलों के लिए उपज की अनुकूल दशायें :-

(i) गन्ना एक उष्ण कटिबंधीय फसल है।

(ii) इसके लिए सामान्यत: 20° से 26° से. का तापमान अच्छा माना जाता है

(iii) गन्ने के लिए वार्षिक वर्षा 150 सेमी. उत्तम होती है

Scanned with CamScanner

(iv) गन्ने फसल के लिए दुमट मिट्टी अच्छी मानी जाती है।

(v) इसकी खेती में अधिक उर्वरकों की जरूरत होती है।

(vi) यह पूरे साल की फसल है बुआई जनवरी से अप्रैल और कटाई / पेराई अक्टूबर - ~~माच~~ नवम्बर से अप्रैल तक)

2. भारत में गन्ना का उत्पादन :- यद्यपि गन्ना भारत का देशज पौधा है एवं 1979 तक विश्व में सबसे अधिक गन्ना यहीं पैदा होता था। परन्तु आज ब्राजील (33%) के बाद भारत का दूसरा (20%) स्थान है भारत में गन्ना का उत्पादन विभिन्न राज्यों द्वारा किया जाता है



शीर्षक :- विश्व में गन्ना उत्पादन में भारत का स्थान

(4)

Scanned with CamScanner

Agricultural statistics at a glance 2017 के अनुसार भारत में गन्ना का उत्पादन निम्न है-



(1) शीर्षक :- भारत में गन्ना का उत्पादन

4. भारत में गन्ना क्षेत्रों का वितरण :- भारत में राज्य स्तर पर गन्ना के क्षेत्र और उत्पादन में उत्तरप्रदेश का प्रथम स्थान है तदुपरान्त उत्पादन के क्रम में महाराष्ट्र, कर्नाटक, ~~तमिल~~ तमिलनाडु, बिहार, गुजरात, हरियाणा, आंध्रप्रदेश आदि है

(i) उत्तरप्रदेश :- उत्तरप्रदेश भारत में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है यहाँ लगभग 48 प्रतिशत गन्ना का उत्पादन होता है यहाँ पश्चिम एवं दक्षिण-पश्चिम भाग को ~~छोड़कर~~ कुछ भाग को छोड़कर समूचे राज्य में गन्ने की खेती की जाती है सर्वाधिक सान्द्रण

Scanned with CamScanner

उपरी गंगा-यमुना द्वाब, रुहेलखंड एवं सरयू पार मैदान के भागों में पाया जाता है जहाँ से राज्य के 70 प्रतिशत गन्ने का उत्पादन प्राप्त होता है मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, देवरिया, खीरी, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, आजमगढ़, बरेली, सीतापुर, अलीगढ़, जौनपुर एवं वाराणसी प्रमुख गन्ना उत्पादक जिले है।



भारत में गन्ना का वितरण।

2. महाराष्ट्र :— यह भारत दूसरा गन्ना उत्पादक राज्य है जहाँ देश का 16.5 प्रतिशत गन्ना का उत्पादन करता है यहाँ काली मिट्टी के क्षेत्र में सिंचाई द्वारा गन्ना उगाया जाता है अहमदनगर, कोल्हापुर, सांगली, पुणे, शोलापुर, नासिक, धुले, सतारा, औरंगाबाद और उस्मानाबाद मुख्य गन्ना उत्पादक जिले है जिनमें राज्य का 90 प्रतिशत गन्ना उत्पादित होता है।

Scanned with CamScanner

3. कर्नाटक :- भारत में कर्नाटक गन्ना उत्पादन में तीसरा स्थान है जो देश का लगभग 8 प्रतिशत है कृष्णाराजसागर और तुंगभद्रा परियोजनाओं की नहरों से गन्ना की कृषि को बढ़ावा मिला है बेलगाम, माण्ड्या, बेल्लारी, रायचूर और मैसूर जनपद मिलकर राज्य का 61 प्रतिशत गन्ने का उत्पादन करते है

4. तमिलनाडु :- भारत में तमिलनाडु गन्ना उत्पादन में चौथा स्थान है जो देश का लगभग 6 प्रतिशत है यहाँ प्रति हेक्टेयर उपज में प्रथम स्थान है राज्य के गन्ने उत्पादन का लगभग 84 प्रतिशत भाग कोयम्बतूर, उत्तरी एवं दक्षिणी अरकाट, सलेम और तिरुचिरापल्ली जिलों से प्राप्त होता है

5. :-

गुजरात :- गुजरात में देश का लगभग 4 प्रतिशत क्षेत्र पर लगभग 4 प्रतिशत गन्ना उत्पादन होता है राज्य का दक्षिणी-पूर्वी भाग प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्र है जिसमें सूरत, जूनागढ़, राजकोट, भावनगर और जामनगर प्रमुख जिले है

Scanned with CamScanner

6. पंजाब :- पंजाब देश के गन्ने क्षेत्र लगभग 2 प्रतिशत भाग पर 2.5 प्रतिशत गन्ना का उत्पादन करता है यहाँ गन्ना उत्पादक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश के सीमा ~~[illegible]~~ के सहारे पाया जाता है जिसमें जालंधर, गुरुदासपुर, रूपनगर, पटियाला, लुधियाना, अमृतसर, होशियारपुर और फिरोजपुर जिले प्रमुख है।

7. अन्य गन्ना उत्पादक क्षेत्र :- गन्ना के अन्य उत्पादकों राज्यों में उत्तराखंड (उधम सिंह नगर, हरिद्वार), मध्यप्रदेश (रतलाम, ग्वालियर, उज्जैन, इन्दौर), बिहार (पूर्वी ~~एवं~~ प. चंपारण, सिवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर), असम (शिवसागर, नौगाँव), पश्चिम बंगाल (नदिया, मुर्शिदाबाद, बर्द्धमान, हुगली, माल्दा) का उल्लेख किया जा सकता है।

निष्कर्ष :- पूरी अध्ययन करने के पश्चात यह स्पष्ट है कि यहाँ गन्ना का पहले कुछ दशकों के बाद उत्पादन घट है इसके लिए भौगोलिक एवं मानवीय कारण उत्तरदायी है इसको उत्पादन बरकरार रखने के लिए भौगोलिक एवं मानवीय कारण को संतुलित करना चाहिए। ✓ (मैंने अपने अध्ययन के पश्चात यह महसूस किया है)

Scanned with CamScanner